हरिभूमि
# वनांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 22 मार्च 2025
बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर


तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री


13 पारंपरिक विरासत के संरक्षण और जनजातीय कला के प्रोत्साहन का भव्य आयोजन





14 शहीद जवान को पुलिस लाइन बीजापुर में दी गई अंतिम सलामी




## खबर संक्षेप

### उत्कृष्ट विधायक चुने गए लखेश्वर, हुआ सम्मान

घाटलोहंगा। बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल को उत्कृष्ट विधायक के रूप में सम्मानित किया गया। उन्होंने विधानसभा में बस्तर क्षेत्र में बच्चों की मौत और छात्रावासों की स्थिति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। शिक्षक दिवस पर उन्होंने बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में 86 शिक्षकों को सम्मानित किया, जो उनकी शिक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। वे विधानसभा में सामाजिक मुद्दों और क्षेत्रीय विकास से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से उठाते है।

### 10वीं बोर्ड परीक्षा के संस्कृत पेपर में 239 विद्यार्थी रहे गैरहाजिर

जगदलपुर। 10वीं बोर्ड परीक्षा के शुक्रवार को हुए संस्कृत विषय के प्रश्न पत्र में 239 परीक्षार्थी गैरहाजिर रहे। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने बताया कि कुल 6772 में 6533 उपस्थित रहे तथा जिले के 105 परीक्षा केन्द्र में कहीं से भी नकल का प्रकरण दर्ज नहीं किया गया है।

# नगर निगम को 10 दिन में करनी है 10 करोड़ की राजस्व वसूली

**24 करोड़ के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक 14 करोड़ वसूला**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

अंतिम वित्तीय वर्ष में नगर निगम के राजस्व वसूली को लेकर एक बड़ा लक्ष्य की पूर्ति के लिए राजस्व सभापति संग्राम सिंह राणा ने मोर्चा संभाला है। वे गुरुवार को पदभार सम्भालते ही सबसे पहले राजस्व अधिकारियों व कर्मचारियों की बैठक बुलाई। जिसमें राजस्व वसूली की वर्तमान स्थिति से अवगत होते उन्होंने राजस्व अमला को साफतौर पर कहा कि 10 दिनों के भीतर किसी भी हालत में एक बड़ा लक्ष्य की पूर्ति करना है। उन्होंने कहा कि इसमें कही कोई परेशानी होती है,तो वे स्वयं राजस्व अमला के साथ डोर-टू-डोर पर्यवेक्षण कर वसूली अभियान में योगदान देंगे।

- राजस्व सभापति ने पदभार संभालते ही ली अधिकारियों की बैठक

**वसूली शत प्रतिशत करने का प्रयास**

वसूली अभियान में और तेजी लाते समय से पूर्व लक्ष्य की पूर्ति की जाएगी। जिस वार्ड में डिमांड नहीं भेजा गया है। राजस्व कर्मी को डिमांड भेजने के निर्देश दिए गए है।

संग्राम सिंह राणा
सभापति,राजस्व विभाग



बताया गया कि निगम के राजस्व वसूली लक्ष्य लगभग 24 करोड़ का है, जिसके विरुद्ध अब तक लगभग 14 करोड़ की वसूली की गई है। अब इन दस दिनों में अमला को एक बड़ा टारगेट 10 करोड़ वसूली करने का है। अभियान में तेजी लाते राजस्व कर्मी एक दिन में लगभग 17 लाख रुपये का वसूली की है। आने वाले 10 दिनों में निगम के सभी 48 वार्ड में सम्पत्ति कर, समेकित कर, जलकर, दुकान भाड़ा, भवन अनुज्ञा, कालोनियो के ▶▶| शेष पेज 12 पर

### 2022 और 23 में 85 फीसदी, 2023-24 में 80 फीसदी वसूली

निगम राजस्व शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार पिछले 2022-23 को राजस्व मांग 23 करोड़ 17 लाख 80 हजार रुपये था,जिसके विरुद्ध 19 करोड़ 65 लाख 32 हजार की राजस्व वसूली हुई थी,याने लगभग 85 फीसदी वसूली की गई थी। जबकि वर्ष 2023-24 में 24 करोड़ 55 लाख 36 हजार राजस्व शुल्क के विरुद्ध 19 करोड़ 41 लाख 24 हजार की वसूली की गई थी,याने 79.06 प्रतिशत लक्ष्य की पूर्ति हुई थी।



# 4 नक्सलियों ने किया आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

सुकमा क्षेत्र में सक्रिय 2 लाख की ईनामी महिला नक्सली सहित 4 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है।

छत्तीसगढ़ शासन की नक्सलवाद उन्मूलन एवं पुनर्वास नीति एवं नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर तथा अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार नवीन सुरक्षा कैम्प स्थापित कर पुलिस के बढ़ते प्रभाव से आत्मसमर्पण किया है। नक्सलियों को आत्मससमर्पण हेतु प्रोत्साहित कराने में 223, 151, 50, 218 वाहिनी सीआरपीएफ, 204 वाहिनी कोबरा, एवं आरएफटी रेंज कोन्टा के कार्मिकों विशेष भूमिका रही है। कलमू आयते उर्फ कुहराम केएएमएस अध्यक्ष, दुलेड़ आरपीसी, ईनामी 2 लाख रुपए उम्र लगभग 35 वर्ष निवासी ताड़मेटला गोंण्डेपारा थाना चिंतागुफा, नुप्पो रघु मिलिशिया सदस्य, मोरपल्ली आरपीसी उम्र 27 वर्ष निवासी मोरपल्ली इत्तापारा थाना चिंतालनार, मड़कम कोना मिलिशिया सदस्य, मोरपल्ली आरपीसी उम्र 22 वर्ष निवासी कंगालतोंग थाना भेजी तथा सोड़ी लच्छा मिलिशिया सदस्य,मोरपल्ली आरपीसी उम्र 27 वर्ष निवासी मोरपल्ली इत्तापारा थाना चिंतालनार ने 21 मार्च को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में निरीक्षक रोशन सिंह राजपूत, प्रभारी नक्सल सेल, निरीक्षक अरपर्ण गोगोई, 50 वाहिनी सीआरपीएफ, निरीक्षक सुजीत कुमार, 223 वाहिनी सीआरपीएफ के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया है।

## इंद्रावती जल संकट पर किसान मोर्चा ने विधायक को सौंपा ज्ञापन



जगदलपुर। बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती के जल स्तर के संबंध जिला अध्यक्ष महेंद्र सेठिया, जिला प्रभारी छबीलेश्वर जोशी, महामंत्री जितेंद्र सेठिया, भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा बस्तर जिला ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण देव को ज्ञापन देकर इंद्रावती एवं जोरा नाला की गंभीर समस्या के समाधान करने के संबंध में ज्ञापन सौंपा ।

विधायक किरण देव ने कहा कि बस्तर की प्राणदायिनी इंद्रावती के जलस्तर को लेकर के उच्च स्तरीय बैठक कर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप के नेतृत्व में लगातार ओडिशा सरकार से चर्चा किया जा रहा है। जल्द ही बस्तर की गंभीर विषय इंद्रावती के संबंध में सार्थक परिणाम मिलेगा।

### नवरात्रि पर मातृ शक्ति निकालेंगी स्कूटी रैली



जगदलपुर। शहर के शांति नगर स्थित माँ दुर्गा मंदिर में 20 मार्च की शाम सर्व हिन्दू संगठन के नेतृत्व में हिन्दू संगठनों की बैठक हुई। निर्णय लिया गया कि सृष्टि सृजन दिवस पर मातृ शक्ति की भव्य स्कूटी रैली व मां दंतेश्वरी मंदिर में महाआरती कर नववर्ष उत्सव मनाया जाना सुनिश्चित हुआ। हिन्दू गौरवशाली परंपरा अनुसार चैत्र शुक्ल प्रतिपदा रविवार के संध्या 4 बजे स्थानीय मां दंतेश्वरी मंदिर से भव्य स्कूटी रैली, ध्वज, वाद्य यंत्रों के ध्वनि से नववर्ष उत्सव मनाए जाएगा। मातृ शक्तियो की स्कूटी रैली माँ दंतेश्वरी मंदिर से आरंभ होकर संजय मार्केट हनुमान मंदिर चौक, शहीद पार्क होते हुए जय स्तंभ चौक, सिरहासार चौक से मां दंतेश्वरी मंदिर पहुंचकर महाआरती कर नववर्ष उत्सव मनाया जाएगा।

**ये रहे मौजूद :** बैठक की अध्यक्षता धर्मचंद्र शर्मा अध्यक्ष व संचालन सचिव रंजीत पाण्डेय द्वारा किया गया। बैठक में एल.ईश्वर राव, आत्मा राम जोशी, शिवनारायण चांडक,अनिल अग्रवाल, शंकरलाल गुप्ता,आशा डोडिया, नीलम मिश्रा, झरना मोहंती, गीता शुक्ला आदि समाज,संस्था प्रमुखों ने अपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।

## 2172 मतदाता करेंगे चार अध्यक्ष समेत 30 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज





जगदलपुर। बस्तर परिवहन संघ चुनाव इस बार काफी रोमांचक होगा। कारण पहली बार बीपीएस के चुनाव में अध्यक्ष पद के लिए 4 प्रत्याशियों के मध्य चतुष्कोणीय मुकाबला है जो काफी दिलचस्प होगा। बीपीएस जो परिवहन के क्षेत्र में एशिया की सबसे बड़ी संस्था है। बस्तर परिवहन संघ के चुनाव अधिकारी एडवोकेट संतोष मिश्रा के मुताबिक मतदान सुबह 8 से शाम 4 बजे तक होगा। मतदान पश्चात मतगणना होगा देर रात तक परिणाम आने की सम्भावना है। चुनाव अधिकारी के साथ 20 अन्य चुनाव सहायक सम्मलित है। विदित हो कि चार पैनल में चार अध्यक्ष समेत आठ उपाध्यक्ष, चार सचिव,चार कोषाध्यक्ष व 8 सह सचिव कुल 28 प्रत्याशी चुनाव मैदान में है।

- कौन बनेगा बस्तर परिवहन संघ का अध्यक्ष देर रात तक हो जाएगा तय

मतदान के एक दिन पहले शुक्रवार को चारो पैनल के प्रत्याशियों वोटरों को लुभाने चुनावी रण में जमकर पसीना बहाते नजर आए। वर्तमान कार्यकारिणी दुबारा चुनाव मैदान में है। तत्कालीन कार्यकारिणी के लिए चुनाव में जीत हासिल करना प्रतिष्ठा बन गया है। इस बार पहली बार चार पैनलों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिल रहा है, जिसने चुनावी माहौल को और रोमांचक बना दिया है। कुल 2172 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर 30 से अधिक प्रत्याशियों के भविष्य का फैसला करेंगे। चार पैनल में अमर रियार पैनल, अरुण त्रिपाठी पैनल,भूपेंद्र सिंह झज्ज ▶▶| शेष पेज 12 पर




# कोंडागांव पहुंचे तीन राज्यों के किसान, औषधीय पौधों की खेती का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

पर्यावरण–अनुकूल कृषि नवाचारों के लिए मशहूर मां दंतेश्वरी हर्बल फार्म एवं रिसर्च सेंटर इन दिनों देशभर के किसानों के लिए प्रेरणा का केंद्र बन गया है। डॉ. राजाराम त्रिपाठी के नेतृत्व में विकसित कोंडागांव मॉडल को समझने के लिए हाल ही में 18 मार्च को दिल्ली–उत्तर प्रदेश, ओडिशा और गुजरात के प्रगतिशील किसानों का दल विशेष अध्ययन भ्रमण के लिए बस्तर पहुंचा।

**टिकैत परिवार का खास दौरा** – प्रमुख किसान नेता राकेश टिकैत के परिवार के सदस्य—पुत्र गौरव टिकैत, भाई नरेंद्र टिकैत और भांजे सहित पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल—ऑस्ट्रेलियाई काली मिर्च और औषधीय पौधों की खेती को देखने–समझने के लिए कोंडागांव पहुंचा। चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष गौरव टिकैत ने इस मॉडल को क्रांतिकारी बताते हुए कहा कि वे जल्द ही अपने खेतों में इस तकनीक को अपनाएंगे। उन्होंने इसे किसानों की आय बढ़ाने और जलवायु संकट से निपटने वाला देश का सबसे सफल मॉडल करार दिया।

**ओडिशा और गुजरात के किसानों का आगमन** – ओडिशा से प्रदान समाजसेवी संगठन के तत्वावधान में रजनीश मिश्रा के नेतृत्व में 70 प्रगतिशील किसानों का दल भी इस दौरे में शामिल हुआ। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई काली मिर्च, हल्दी, सफेद मूसली और स्टीविया जैसी मिश्रित खेती की तकनीकों को गहराई से समझा और इसे अपने क्षेत्र में लागू करने की योजना बनाई। वहीं, गुजरात के प्रगतिशील किसानों का एक दल भी कोंडागांव मॉडल से प्रेरणा लेने पहुंचा। उन्होंने वृक्षों से बनी प्राकृतिक ग्रीनहाउस प्रणाली को देखा, जो पॉलीहाउस का सस्ता और प्रभावी विकल्प है।

## राष्ट्रीय आकर्षण बना कोंडागांव, तीन राज्यों के किसानों ने किया अध्ययन दौरा

### सम्मान और प्रेरणा का क्षण –

इस अवसर पर मां दंतेश्वरी हर्बल समूह के निदेशक अनुराग कुमार, जसमती नेताम, बलई चक्रवर्ती, शंकर नाग और कृष्णा नेताम ने गौरव टिकैत, रजनीश मिश्रा और अन्य किसानों को अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही, किसानों को कृषक डायरी पत्रिका दी गई। जिसमें खेती के नवीनतम नवाचारों की जानकारी शामिल है।





**राष्ट्रीय स्तर पर अपनाने की अपील –** गौरव टिकैत ने कहा, यह मॉडल किसानों के लिए वरदान है। इसे अपनाकर न केवल अपनी आय बढ़ानी चाहिए, बल्कि इसे अन्य किसानों तक भी पहुंचाना चाहिए। वहीं, डॉ. राजाराम त्रिपाठी ने सरकार से ऐसे मॉडलों को देशभर में फैलाने में सहायता की मांग की।

## खबर संक्षेप

### विदेशी पर्यटक बस्तरिया संस्कृति से हुए रूबरू



**केशकाल ।** बोस्टन अमेरिका निवासी एक विदेशी पर्यटक युवा जोशुआ सिम्स अपनी एक परियोजना के संबंध में 20 मार्च को केशकाल पहुंचे। बस्तर के मुहाने पर स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल टाटामारी पंहुचकर प्रकृति के मनोरम नजारे को देखा। फिर टाटामारी में महिला समूह के महिलाओं द्वारा बनाये गये विशुद्ध छत्तीसगढ़िया भोजन ग्रहंण किया। भोजन उपरान्त चर्चा पर उन्होंने बताया कि कल्चर कनेक्सीशन प्रोजेक्ट एक 501(सी)(3) गैर-लाभकारी संगठन है जो विभिन्न पृष्ठभूमि और संस्कृतियों के लोगों के बीच आपसी सद्भावना और समझ बनाने के लिए कार्य कर रहा वर्तमान में जोशुआ जगदलपुर ज़िले के शकील रिज़वी बस्तर ट्राइबल होमस्टे और दीप्ति ओगरे सुरुज फाउंडेशन के सहयोग से इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन के लिए बस्तर प्रवास पर हैं। उन्होंने बस्तर आने के पूर्व रायपुर के सफारी पहुंचकर धम्मशील गणवीर से मिलकर सफारी भ्रमण करते हुए बस्तर के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों, सभ्यता, संस्कृति खासियत के बारे जानकारी में अर्जित की।

### आपदा पीड़ितों के परिवारों को आर्थिक सहायता

**कोण्डागांव।** कलेक्टर कुणाल दुदावत द्वारा राजस्व पुस्तक परिपत्र 6–4 के अंतर्गत प्राकृतिक आपदा पीड़ितों के 04 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपये की आर्थिक सहायता अनुदान राशि प्रदान की गयी। कलेक्टर द्वारा कोण्डागांव तहसील के ग्राम जरेंबेंदरी निवासी किरण मण्डावी की सर्पदंश से मृत्यु होने पर माता खतोबाई मण्डावी, पिता मानसाय मण्डावी को, माकड़ी तहसील के ग्राम माकड़ी निवासी धरम यादव की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर भाई ग्वाल यादव को, कोण्डागांव तहसील के ग्राम डोंगरीगुड़ा निवासी भूमि सोरी की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर माता सुशीला सोरी, पिता तोषमन सोरी को, कोण्डागांव तहसील के ग्राम सम्बलपुर निवासी सुलमती की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर पति सुकचंद पुत्री शिवबती, सुनीता, अनिता पुत्र सुनील को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गयी है। उक्त स्वीकृत आर्थिक सहायता राशि सम्बन्धित वारिसों के बैंक खाते में हस्तांतरित करने के निर्देश सम्बन्धित तहसीलदारों को दिए गए हैं।

### वीआईपी कल्चर खत्म करने एसडीएम व सीएमओ को ज्ञापन



**फरसगांव।** कोण्डागांव जिले के फरसगांव में 24 मार्च होने वाले वार्षिक मेले में वीआईपी कल्चर को खत्म करने मेले में बटने वाले वीआईपी पास के विरोध करते हुए सर्व आदिवासी समाज प्रमुखों ने एसडीएम और नगर पंचायत सीएमओ को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन देने आए सर्व आदिवासी समाज के प्रमुखों ने बताया कि मेले में मीना बाजार के संचालक के द्वारा वीआईपी पास बांटा जाता है, इसके चलते मीना बाजार में लगे झूलों के दरों पर बढोत्तरी की जाती है, जिससे गरीब परिवार के लोगों को नुकसान होता है कई लोगों झूलों के अधिक दर होने के कारण मेले में लगे झूलों का आनंद नहीं ले पाते हैं, फरसगांव वार्षिक मेला में वीआईपी पास को पूरी तरह से बंद किया जाना चाहिए, और सर्व आदिवासी समाज मेला संचालक से आग्रह करता है की मेले में लगे झूलों के निर्धारित दरों को कम करें जिससे गरीब परिवार के लोगों को भी मेले में लगे झूलों का आनंद ले सकते। यदि प्रशासन इस वीआईपी कल्चर को खत्म नहीं करेंगे तो उनके द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जाएगा। उसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी ।

**ये रहे उपस्थित:** इस दौरान सर्व आदिवासी समाज फरसगांव ब्लॉक अध्यक्ष ईश्वर लाल कोर्राम, मनहेर कोर्राम, प्रहलाद कुंजाम, मानकु नेताम , सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जनता को आवश्यक सामग्री का किया वितरण

# 188 बटालियन सीआरपीएफ केशकाल सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव




भारत सरकार, गृह मंत्रलय के द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रें में सिविक एक्शन प्रोग्राम का आयोजन करते हुए जनता को आवश्यक सामग्री का वितरण करने हेतु आदेशित किया गया। जिसके तहत 188 बटालियन सीआरपीएफ द्वारा केशकाल, जिला कोण्डागांव में 21 मार्च 2025 को अपने परिचालनिक क्षेत्र के अंतर्गत सुदुरवर्ती नक्सल ग्रस्त क्षेत्र ग्राम जामगॉव, केशकाल के ग्रामीणों के लिए सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन राकेश अग्रवाल, महानिरीक्षक सीआरपीएफ छ.ग. सेक्टर के निर्देशन एवं हरजिंदर सिंह, उपमहानिरीक्षक सीआरपीएफ रेंज जगदलपुर के मार्गदर्शन तथा भवेश चौधरी कमाण्डेंट– 188 बटालियन सीआरपीएफ के नेतृत्व में नितीन्द्र नाथ द्वितीय कमान अधिकारी, निरी.ध्जीडी नरेन्द्र कुमार समवाय अधिकारी, ए,188 समवाय के अधीनस्थ अधिकारी, जवानों एवं सरपंच मयाराम मंडावी, उप सरपंच धर्मेन्द्र गोरै, सचिव श्रीमती कुमारी बाई व ग्रामिणों की उपस्थिति में किया गया।

### ग्रामीणो को विभिन्न सामानों का वितरण किया गया

सिविक एक्सन कार्यक्रम के अंतर्गत स्कुल के छात्र–छात्रओं को स्कुल बैग, लेखन सामग्री, ग्रामीणो को विभिन्न वस्तुएं जैसे– साड़ी, चप्पल, कम्बल, लूंगी, तावेल, बर्तन, खेती उपयोगी सामग्री जैसे–गैती, फावड़ा एवं स्कुल के छात्रवास को सोलर लालटेन एवं पानी की टंकी, आदि तथा युवाओं को खेल–कूद सामग्री क्रिकेट किट, वॉलीबॉल, वॉलीबॉल नेट तथा फुटबॉल एवं ग्राम पंचायत भवन जामगॉव में ग्रामीणों के लिए एल.ई.डी. टीवी–32 इंच इत्यादि सामानों का वितरण किया गया। इसमें आस पास के ग्राम– जामगांव, आमापारा, टीकरापारा, तुमसखोण्डी, खासपारा एवं खालेपारा के लगभग 360 से अधिक ग्रामीण लाभान्वित हुये।

### युवाओं को बल में भर्ती होने के लिए भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में प्रेरित किया

इस अवसर पर भवेश चौधरी कमाण्डेंट–188 बटालियन सीआरपीएफ ने छात्र–छात्रओं, महिलाओ, युवाओं एवं ग्रामवासियों को सरकार की विभिन्न जनकल्याण की योजनाओं से अवगत कराया गया साथ ही यह संदेश दिया कि सीआरपीएफ के जवान आप सभी की सुरक्षा के लिए है तथा आपकी मदद के लिए हमेशा तत्पर है। इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय लोगों के जीवन को बेहतर बनाना, ग्रामीणों और जवानों के बीच परस्पर विश्वास एवं बन्धुत्व की भावना को आगे बढ़ाना है।

जो उम्मीद के मुताबिक पूरा हो रहा है तथा क्षेत्र के लोगों में सीआरपीएफ के प्रति विश्वास और मित्रता की भावना जागृत हो रही है। सभी ग्रामीणों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने एवं गॉव को स्वच्छ रखने की सलाह दी गयी। साथ ही साथ गॉव के युवाओं को बल में भर्ती होने के लिए भर्ती प्रक्रिया के सम्बन्ध में प्रेरित किया और राष्ट्र निर्माण में अध्ययन की उपयोगिता पर जोर दिया ।

### ग्रामिणो के लिए जलपान एवं भोजन की व्यवस्था थी

इस कार्यक्रम में स्कुल के छात्र–छात्रऐं तथा ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के उपरान्त उपस्थित ग्रामिणो एवं बच्चों के लिए जलपान एवं भोजन की व्यवस्था की गयी थी। उक्त कार्यक्रम के लिए प्राथमिक शाला जामगॉव, प्री–मेट्रिक बालिका छात्रवास केशकाल, जामगॉव सरपंच एवं समस्त वरिष्ठ ग्रामवासियों ने सीआरपीएफ के सादर धन्यवाद एवं आभार प्रकट किये।

# अज्ञात ट्रक ने कार को मारी टक्कर, हादसे में 3 घायल





**फरसगांव।** नेशनल हाइवे 30 मांझीआठगांव के पास गुरुवार की रात करीब 2 बजे अज्ञात ट्रक ने टाटा सफारी वाहन क्रमांक CG 27 A 1180 को साइड से जबरदस्त टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वाहन के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। ट्रक की टक्कर से टाटा सफारी रोड से करीब 300 मीटर दूर खेत में जा घुसी। रात होने के चलते दुर्घटना ग्रस्त वाहन पर किसी की नजर नहीं पड़ी, वाहन में सवार लोग घायल अवस्था में पड़े थे। तभी सुबह करीब 4 बजे करीब एक ग्रामीण ने दुर्घटना ग्रस्त वाहन को देखते जानकारी दी। इस हादसे में वाहन ने सवार हिमांशु ध्रुव पिता कैलाश उम्र 28 वर्ष, निवासी अड़ेगा केशकाल, राहुल मरकाम पिता सोनाराम उम्र 30 वर्ष, निवासी केशकाल और धनंजय कड़ियाम पिता रामदयाल उम्र 24 वर्ष , निवासी भानुप्रतापपुर गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें 108 एंबुलेश की वाहन से उपचार हेतु फरसगांव अस्पताल लाया गया। गंभीर चोट आने के चलते सभी का प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर उपचार हेतु शुक्रवार की सुबह 6 बजे जिला अस्पताल रिफर किया गया है।

# पहले किया ओवरटेक, फिर मारा ब्रेक पीछे से आ रही पिकअप घुसी बस में

**बोरगांव।** नेशनल हाइवे 30 बोरगांव ढाबा के पास शुक्रवार की शाम करीब 5 दुबे बस ने यात्री को बैठाने के चक्कर में पिकअप को ओवरटेक कर अचानक ब्रेक मार दी। ब्रेक मारने से पीछे से आ रहा पिकअप बस में घुस गया। हादसे में पिकअप के सामने का हिस्से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। चालक बाल बाल बच गया, मामूली चोटें आईं हैं ।

■ बाल- बाल बचा चालक

जानकारी अनुसार दुबे बस क्रमांक सीजी 04 ईए 4383 फरसगांव से कोंडागांव जाने के दौरान बोरगांव के पास पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 05 एएच 8502 को ओवरटेक किया। उसके बाद रोड किनारे खड़े यात्री को बैठाने अचानक ब्रेक मार दिया। जिससे पीछे से आ रहे पिकअप का चालक हड़बड़ा गया, जिससे वाहन बस में घुस गया।

पिकअप के सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए । घटना से मौके पर भीड़ जमा हो गई। थोड़ी देर रोड में जाम की स्थिति बन गई। सूचना पर फरसगांव थाना पुलिस तत्काल मौके पर पहुंचकर दोनों वाहनों को किनारे करवाकर घटना के कारणों की जांच कर रही है।

# शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में पीसीओडी पर कार्यशाला का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव।

शासकीय गुण्डाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. चेतन राम पटेल के निर्देशन में गृह विज्ञान विभाग एवं महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता एवं आश्वासन प्रकोष्ठ द्वारा पीसीओडी पॉली सिस्टिक ओवेरियन सिंड्रोम पर ब्लेंडेड मोड में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष श्रीमती नेहा बंजारे ने पीसीओडी को महिलाओं में होने वाला एक सामान्य रोग बताया, जो हार्मोनल असंतुलन के कारण उत्पन्न होता है। उन्होंने रोग के प्रमुख कारण, शरीर पर प्रभाव, लक्षण, आहार के महत्व और जीवनशैली में आवश्यक बदलाव के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

■ गृह विज्ञान विभागाध्यक्ष श्रीमती नेहा बंजारे ने दी जानकारी

**बड़ी संख्या में विद्यार्थी रहे उपस्थित** – इस कार्यक्रम में एआईआईएमएस भोपाल से सीनियर डाइटिशियन श्रीमती श्वेता गुप्ता शॉ ऑनलाइन माध्यम से जुड़ीं। उन्होंने पीसीओडी के उपचार में आहार के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लो ग्लाइसेमिक आहार अपनाने और नियमित व्यायाम करने की सलाह दी। इस कार्यशाला में महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विश्व वानिकी दिवस पर ग्रामीणों को वनों के संरक्षण संवर्धन के लिए किया गया जागरुक



**फरसगांव।** विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर वनमंडल केशकाल के उपवनमंडल फरसगांव में परिक्षेत्र स्तरीय वनों के संरक्षण संवर्धन तथा जनजागरुकता हेतु ग्राम पंचायत बनचपई में कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को वनों के संरक्षण संवर्धन के बारे में बताकर जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित ग्रामीण और अतिथियों को पौधों का वितरण भी किया गया। इस दौरान जनपद पंचायत सदस्य मंगूराम नेताम, ग्राम बनचपई सरपंच सोहन पोटाई, बंगोली सरपंच हिरालाल नेताम एवं अध्यक्ष, सदस्यगण वन प्रबंधन समिति बनचपई, बंगोली एवं ग्राम गायता पुजारी पटेल ग्राम प्रमुख तथा उपवनमंडलाधिकारी टी आर मरई, प्रभारी प्रशिक्षु परिक्षेत्र अधिकारी गौतम एवं फरसगांव रेंजर आर. एस. यादव, एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहे ।

# सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन

**कोण्डागांव।** थाना धनोरा पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत आयोजित दो दिवसीय ग्रामीण अंबेडकर कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य समापन हुआ। इस प्रतियोगिता में भाट गांव की टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए विजय हासिल की।

**भाट गांव की टीम ने 14 अंकों के अंतर से खिताब किया अपने नाम** – पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव अभय कुमार, अति. पुलिस अधीक्षक कोशलेंद्र देव पटेल और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में इस प्रतियोगिता का आयोजन 18 और 19 मार्च 2025 को किया गया। इसमें जिले के विभिन्न गाँवों—चंदनबेड़ा, रेकावंड, उसरी, बड़ेकावेल, कोंगेरा, सिवनी, बटराली, और भाट गांव सहित कई अन्य स्थानों से टीमें शामिल हुईं। फाइनल मुकाबले में भाट गांव की टीम ने देवगांव की टीम को 14 अंकों के अंतर से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम को पुलिस अधिकारियों द्वारा ट्रॉफी और 5000 रुपये नकद पुरस्कार प्रदान किया गया, जबकि उपविजेता टीम को 3000 रुपये और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

■ प्रतियोगिता में भाट गांव की टीम बनी विजेता



**बड़ी संख्या में ग्रामीण दर्शक रहे उपस्थित** – इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीण युवाओं को खेलों में भाग लेने और सामुदायिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने यह भी कहा कि इस तरह के आयोजन पुलिस और जनता के बीच मित्रता और विश्वास को मजबूत करने का कार्य करते हैं। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में ग्रामीण दर्शक उपस्थित रहे। जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया और पुलिस विभाग के इस प्रयास की सराहना की। आयोजकों ने भविष्य में भी इसी तरह के आयोजन करने का आश्वासन दिया ताकि युवाओं को खेलों से जोड़कर सकारात्मक दिशा दी जा सके।

## कलेक्टोरेट सभाकक्ष में बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारियों का हुआ प्रशिक्षण

# बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने की तैयारी जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 10 मार्च 2024 को बाल विवाह मुक्त छत्तीसगढ़ अभियान की शुरूआत की गई है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार बाल विवाह मुक्त कोण्डागांव को सफल बनाने के लिए कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में गुरूवार को जिले के बाल विवाह प्रतिषेध अधिकरियों का प्रशिक्षण अयोजित किया गया।

**जिले के कई स्थानों पर घटित घटनाओं से भी अवगत कराया गया** – प्रशिक्षण के दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी नरेन्द्र सोनी द्वारा बाल विवाह क्या है बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, बाल विवाह के कारण, बाल विवाह के रोकथाम में महत्वपूर्ण योगदान, आपातकालीन हेल्पलाईन सेवा, चाईल्डलाईन 1098 पर सूचना, बाल विवाह के लिए कानून, किन–किन पर चल सकता है मुकदमा, बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम के लिए विभाग एवं इस अधिनियम के तहत यह अपराध संज्ञेय और गैर जमानती के सबंधी विभिन्न विषयों पर जानकारी दी गई। साथ ही यदि कोई व्यस्क पुरूष जो 21 वर्ष से अधिक आयु का है, बाल विवाह करता है तो उसे 2 वर्ष के लिए कठोर कारावास या एक लाख रूपये या दोनो का जुर्माना हो सकता है जैसे विभिन्न विषयों पर आवश्यक जानकारी दी गई। जिले के कई स्थानों पर घटित घटनाओं से भी अवगत कराया गया। क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट मधु बघेल द्वारा बाल विवाह के कारण डिप्रेशन में गये बच्चों के संबंध में उनके साइकोलॉजी को कैसे जाने एवं उनके परामर्श पर जानकारी दिया गया। परियोजना अधिकारी संजय पोटावी द्वारा प्रशिक्षण में बाल विवाह के दुष्परिणाम, सजा के प्रावधान, शिशु मृत्युदर में वृद्धि, समाज में फैले कुरीतियां एवं अन्य विषयों पर जानकारी दिया गया।



**उपस्थित रहे ये** – शासन द्वारा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने हेतु सभी ग्राम पंचायतों के सचिवों, पर्यवेक्षकों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी नियुक्त किया गया है। प्रशिक्षण में बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष, सदस्य, परियोजना अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई के अधिकारी–कर्मचारी, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी–कर्मचारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, बाल देखरेख संस्था के कर्मचारी उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### नगर निगम को ...

अनुज्ञा,होर्डिंग्स विज्ञापन कर,पार्किंग समेत अन्य कर सम्मलित है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के कुछ वार्ड में करदाताओं को डिमांड भेजा नहीं गया है। खासकर छत्रपति शिवाजी वार्ड हाउसिंग बोर्ड अघनपुर कालोनी के अधिकांश रहवासियों को अब तक डिमांड नहीं मिला है।

**चुनाव के पहले की घोषणा के बाद शासन से नहीं पहुंची अधिसूचना :** नगर निगम चुनाव के दौरान भाजपा अटल संकल्प पत्र में शहरवासियों से वादा किया था,कि भाजपा की नगर सरकार बनते ही संपत्ति कर में महिला के नाम आवास पर 25 प्रतिशत राशि की छूट देने और निर्धारित समय के पूर्व शुल्क जमा करने पर राहत देने का वायदा किया था। लेकिन छग शासन से अब तक अधिसूचना जारी नही होने से महिला करदाताओं को पूरा शुल्क देना होगा।

### 2172 मतदाता करेंगे चार...

पैनल और प्रदीप पाठक पैनल सम्मलित है।

**घर-घर पहुंच मांगा समर्थन :** प्रत्याशी और उनके समर्थक घर-घर जाकर वोट के लिए समर्थन मांगा। साथ ही छोटी-छोटी बैठकों के जरिए अपने वादों को जनता के सामने रख रहे हैं। चुनावी दौर में सभी पैनलों ने अपनी-अपनी रणनीतियां बनाई हैं। वरिष्ठ नेताओं से लेकर कार्यकर्ताओं तक ने मतदाताओं से मुलाकात कर उन्हें अपने पक्ष में करने की कोशिश की है। सोशल मीडिया, पोस्टर, और सभाओं के जरिए भी प्रत्याशियों ने जनसंपर्क का सिलसिला तेज कर दिया है।

**संगठन के सदस्यों में उत्साह :** इस चुनाव को लेकर संगठन के सदस्यों में काफी उत्साह है। एक वरिष्ठ सदस्य ने बताया कि यह चुनाव संगठन की दिशा तय करेगा। चार पैनलों की मौजूदगी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करती है। वहीं, मतदाताओं से अपील की जा रही है कि वे ध्यान से प्रत्याशियों के एजेंडे का आकलन करके वोट डालें। मतदान से ठीक पहले सभी पैनलों ने अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। कई प्रत्याशी रात-दिन एक करके मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं। चुनाव आयोग ने मतदान प्रक्रिया को निष्पक्ष बनाए रखने के लिए कड़े दिशा-निर्देश जारी

**खबर संक्षेप**

## यादव समाज की जिला कार्यकारिणी भंग

**जगदलपुर।** बस्तर जिला यादव समाज के जिला अध्यक्ष का चुनाव अप्रैल में होगी। होली मिलन समारोह



के बाद बलराम यादव ने बस्तर जिला यादव समाज की जिला कार्यकारिणी को भंग कर दी है। चूंकि बलराम यादव का कार्यकाल फरवरी 2025 को समाप्त हो गया था। कार्यकारिणी भंग होने के पश्चात चुनाव संचालन समिति का गठन किया जायेगा। चुनाव संचालन समिति में दो पूर्व अध्यक्ष दो वरिष्ठ सदस्य दो समाज के रीति नीति के जानकार तथा दो महिला सदस्य होंगे। चुनाव संचालन समिति ही बस्तर जिला यादव समाज के अध्यक्ष का चुनाव करायेगी। जिला अध्यक्ष का चुनाव सर्व सम्मति से एक राय से किया जायेगा। बस्तर जिला यादव समाज के अध्यक्ष का चुनाव अप्रैल माह के द्वितीय सप्ताह में कराए जाएंगे। चुनाव कार्यकम की घोषणा चुनाव संचालन समिति करेंगी। चुनाव प्रक्रिया पूर्ण होते तक बलराम यादव कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में बने रहेंगे।

## दिव्यांग बच्चों को बांटे विभिन्न प्रकार के सामान



**बीजापुर।** जिले के भैरमगढ़ ब्लाक मुख्यालय के भैरमगढ जनपद पंचायत कार्यालय परिसर में दिव्यांग शिविर का आयोजित किया गया। समाज कल्याण विभाग के द्वारा दिव्यांग बच्चों को विभिन्न प्रकार के सामान वितरण किया गया। जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी पीआर साहु ने बताया कि शासन के योजना के अनुरूप पांच दिव्यांगजनों को दिव्यांग प्रमाण पत्र तथा चिन्हांकित दिव्यांग जनों को विभिन्न सहायक उपकरण एक व्हीलचेयर एक वैशाखी एक स्टिक, एक वॉकर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रदाय किया गया। इस अवसर पर जनपद सदस्यों,सरपंच के अलावा जिला के अधिकारी ,उपसंचालक समाज कल्याण अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### बस्तर पंडुम में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई प्रस्तुतियां

# पारंपरिक विरासत के संरक्षण और जनजातीय कला के प्रोत्साहन का भव्य आयोजन







हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

बस्तर संभाग की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को संरक्षित और प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव एवं सीईओ जिला पंचायत नम्रता जैन के निर्देशन में बस्तर पंडुम का विकासखंड स्तरीय आयोजन गुरुवार को बालक सेजेस हायर सेकेंडरी स्कूल, जिन्दगढ़ में संपन्न हुआ।

इस आयोजन में स्थानीय लोक कला, शिल्प, रीति-रिवाज, तीज-त्योहार, वेशभूषा, आभूषण, वाद्य यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य कला, व्यंजन और पेय पदार्थों के मूल स्वरूप को संरक्षित करने की दिशा में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, आदिवासी समाज प्रमुखों और सिरहा-गायता पूजारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। जनप्रतिनिधियों ने अपने संबोधन में बस्तर पंडुम को पारंपरिक विरासत के संरक्षण का महत्वपूर्ण मंच बताते हुए इसे जनजातीय कलाकारों के लिए प्रोत्साहनकारी बताया। आयोजन के दौरान विभिन्न पारंपरिक नृत्य और लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां दी गईं, जिसमें आदिवासी कलाकारों ने अपनी संस्कृति की झलक प्रस्तुत की।

### स्टॉलों का निरीक्षण और व्यंजनों का जायका

कार्यक्रम में विभिन्न पारंपरिक व्यंजन और पेय पदार्थों के स्टॉल लगाए गए, जिनका अतिथियों ने अवलोकन किया। स्थानीय हस्तशिल्प और पारंपरिक खानपान को प्रदर्शित करने वाले इन स्टॉलों को दर्शकों ने खूब सराहा। बस्तर पंडुम का यह आयोजन जनजातीय संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रहा है, जिससे क्षेत्र की समृद्ध परंपराओं को नई पहचान मिल रही है। इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य हूंगाराम मरकाम, जिला पंचायत सदस्य संजना नेगी, जनपद अध्यक्ष देवली बाई नाग , जनपद सदस्य बुधरा मुचाकी, जनपद सदस्य रघुनाथ कश्यप , जनपद सदस्य बेदन राम नाग, छिंदगढ़ सरपंच सुकमति पुजारी, माहेश्वरी बघेल, सुकालू राम नाग, समाज प्रमुख राजू राम नाग , हरि राम कश्यप, मनमोहन बृज, एसडीएम विजय प्रताप खेस, सीईओ पीके गुप्ता, एडीईओ मिथलेश भास्कर, सहायक आंतरिक करारोपण अधिकारी मनी राम कोड़ोपी, पैकरा सहित नागरिकगण उपस्थित थे।

## एसएनसीयू में उचित देखभाल के चलते बची नवजात शिशु की जान





हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई में उचित रक्षा खाओ के चलते एक नवजात शिशु की जान बच गई। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अजय रामटेके एवं सिविल सर्जन डॉ. अभय तोमर के मार्गदर्शन में टोटापारा, कुपेर के एक नवजात शिशु को 3 मार्च को जिला अस्पताल दंतेवाड़ा के विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई में बहुत गंभीर और अचेत अवस्था में लाया गया।


ड्यूटी में मौजूद शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेश ध्रुव ने बच्चे को देखा। शिशु अत्यंत गंभीर अवस्था में था, माता पिता ने बताया कि शिशु दूध नहीं पी रहा हैं, सुस्त है इसलिए हॉस्पिटल लाए हैं। जांच करने पर पता चला कि शिशु की स्थिति अत्यंत खराब और गंभीर हैं। शिशु कई दिनों से ठीक से स्तनपान नहीं कर रहा था, लगातार उसका वजन कम हो रहा था। शिशु का शुगर लेवल 40 एमजी से भी कम था, जो कि एक गंभीर अवस्था है, जिसमें कि शिशु के दिमाग पर असर होता है और झटका आता है। शिशु को भी झटका आ रहा था और वह सांस भी ठीक से नहीं ले पा रहा था, ऑक्सीजन लेवल 90 से कम था। डॉ. ध्रुव और एसएनसीयू नर्सिंग स्टॉफ ने तत्काल पहले शिशु को जरूरी, फ्ल्यूड, दवा और ऑक्सीजन सपोर्ट दिया और सैंपलिंग की। शिशु को स्टेबलाइज कर एसएनसीयू के अंदरूनी यूनिट में शिफ्ट किया गया। माता-पिता से मिली जानकारी से पता चला कि शिशु का जन्म जिला अस्पताल में ही 9 फरवरी 25 में हुआ है। उस समय शिशु का वजन 2.2 किलोग्राम था एवं शिशु पूरी तरह से स्वस्थ था। हॉस्पिटल से डिस्चार्ज के पश्चात शिशु को समस्या हुई और एसएनसीयू में भर्ती किए जाने के समय शिशु का वजन 1.3 किलोग्राम हो गया था। जिला अस्पताल के शिशु रोग चिकित्सक और एसएनसीयू स्टाफ के सामने ऐसे गंभीर शिशु कि बीमारी को ठीक करना,साथ ही साथ माता को स्तनपान के लिए समझना और सपोर्ट करना बड़ी चुनौती थी। 10 दिन के कठिन उपचार और सही देखभाल के कारण शिशु को पुनः जीवन मिला और शिशु का वजन भी बढ़कर 1.735 किलोग्राम हो गया है। शिशु पूरी तरह स्वास्थ्य है और माता का स्तनपान कर रहा है।

शिशु को 12 मार्च को जिला अस्पताल एसएनसीयू से डिस्चार्ज कर दिया गया। तत्पश्चात दिनांक 19 मार्च को फॉलोअप के लिए बुलाया गया शिशु स्वस्थ एवं तंदरुस्त है। शिशु के इलाज में जिला अस्पताल प्रबंधन, शिशु रोग चिकित्सक डॉ राजेश ध्रुव, डॉ नमन सांखला, समस्त एसएनसीयू नर्सिंग स्टॉफ का विशेष योगदान रहा।

### इंद्रावती नदी में डूबने से 50 वर्षीय महिला की मौत

**घाटलोहंगा।** ग्राम पंचायत घाटलोहंगा के ब्राह्मणपारा के 50 वर्षीय की महिला दिनमनी कश्यप का इंद्रावती में पानी में डूबने से मौत हो गई। परिजन को पता चलते ही बस्तर थाना में सूचना दिया गया। पुलिस पहुंचकर शव को पानी से बाहर निकाल पंचनामा कर शव को बस्तर हॉस्पिटल पोस्टमार्टम के लिए भेजा। दिनमानी कश्यप पति तोकाराम कश्यप 50 वर्ष जाति भतरा दोपहर लगभग 2 से 3 बजे इंद्रावती नदी में अपने बेटी नवल दई कश्यप के साथ मछली पकड़ने गई थी। अचानक गहरा पानी में जाने से डूब गई और उसकी मौत हो गई।

## 217वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने मनाया 15वां स्थापना दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

217वीं वाहिनी ने अपना 15 वां स्थापना दिवस 20 मार्च को बड़े धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर वाहिनी मुख्यालय कोन्टा में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कमाण्डेंट विजय शंकर तथा अन्य सभी रेंको के कार्मिको ने शहीदो को श्रद्धांजलि अर्पित की तथा क्वार्टर गार्ड पर सेरिमोनियल गार्ड द्वारा सलामी दी गई। इसके पश्चात वाहिनी के कमांडेंट द्वारा सैनिक सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए सभी कार्मिको को बधाई दी। वाहिनी के इतिहास व उपलब्धियों के बारे में विस्तार से बताते हुए सभी कार्मिकों को तनाव मुक्त रहने तथा स्वास्थ्य, शिक्षा और संस्कार का हमारे जीवन में महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। इस अवसर पर अरविन्द पी. आनन्द द्वितीय कमान अधिकारी, नीर सिंह मीणा द्विकमा अधिकारी, सौरभ कुमार सिंह, उप कमाण्डेन्ट, डी. राजा. इलपरिथी, सहा. कमाण्डेन्ट तथा क्लारेंन्स विएफ. सहा कमाण्डेन्ट एवं वाहिनी के अन्य अधिकारी, अधिनस्थ अधिकारी एवं जवान उपस्थिति रहे।

## ग्रामीणों को मिला टीवी, साड़ी और साईकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर




पुलिस महानिरीक्षक केरिपुबल छत्तीसगढ़ सेक्टर के दिशा- निर्देश में शुरू किए गये एक अभियान के अंतर्गत 20 मार्च को मोहित कपूर कमांडेंट 22 बटालियन के नेतृत्व में बीजापुर जिला के संगमपल्ली, गौराराम, उसकालेड, कोनागुड़ा एवं गौथमपल्ली गांव के निवासियों हेतु सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस अभियान के दौरान डॉ. अशोक नारायण मुख्य चिकित्सा अधिकारी, संजीव कुमार सिंह द्वितीय कमान अधिकारी, पंकज कुमार द्वितीय कमान अधिकारी, मनोज कुमार सहायक कमांडेंट तथा विभिन्न गांवों के सरपंच उपस्थित थे। इस दौरान ग्रामीणों के बीच महिलाओं को साड़ियां, कंबल, चप्पल इत्यादि वितरित किए गए। बच्चों को स्कूल ड्रेस, स्कूल बैग, स्टेशनरी सामग्री के साथ क्रिकेट एवं वॉलीबॉल इत्यादि बांटा गया। पुरुषों को लूंगी, गमछा एवं अन्य ग्रामीणों के बीच पानी की टंकी, साइकिल, एवं एलईडी टेलीविजन भी दिया गया। कुल लाभार्थियों की संख्या 500 से अधिक रही। उपरोक्त सामग्रियों के वितरण के बीच ग्रामीण अपना चिकित्सा परीक्षण करवा कर दवा भी लेते रहे। लगभग 150 बुजुर्गों एवं महिलाओं को विभिन्न प्रकार की दवाइयां दी गई। कार्यक्रम के उपरांत ग्रामीणों के लिए भोजन की भी उत्तम व्यवस्था की गई थी। इस पूरी अवधि के दौरान लाभार्थियों के बीच खुशी देखी गई विशेष कर बच्चों का उत्साह देखने लायक था। बुजुर्गों एवं सरपंचों के द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम की भूरी-भूरी प्रशंसा की गई। इस प्रकार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल तथा इसकी 22 वीं बटालियन एक बार फिर से ग्रामीणों के बीच मानवीय स्पर्श हासिल करने में सफल रही।

## मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष पहुंचे दंतेवाड़ा विभिन्न संस्थाओं का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज : दंतेवाड़ा



राज्य मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष गिरधारी नायक ने द्वारा जिले में संचालित शासकीय संप्रेक्षण गृह बालक दंतेवाड़ा का निरीक्षण किया गया। इसमें संस्था में विधि से संघर्षरत कुल 11 बच्चे उपस्थित थे, उन्होंने संस्था में बच्चों से चर्चा कर प्राप्त उन्हें मिल रही सुविधा, बच्चों के प्रकरण, केस के संबंध में जानकारी ली गई। बच्चों को अपराध के रास्ते को छोड़ अच्छी शिक्षा प्राप्त करने, नियमित विद्यालय जाने हेतु सलाह दिया गया।

संस्था के निरीक्षण में किचन में बच्चों के लिए बन रहे भोजन का निरीक्षण किया गया। इसके साथ ही जिला जेल दंतेवाड़ा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदी बैरकों, पाकशाला, स्नानागार, शौचालयों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बंदी बैरकों में जाकर बंदियों से व्यवस्था की जानकारी ली गई तथा प्रशासन द्वारा उपलब्ध कराये जा रहे भोजन, स्वास्थ्य सुविधा, शिक्षण, आजीविका कौशल विकास प्रशिक्षण, बंदियों के प्रकरणों के संबंध में जानकारी, बंदियों से उनकी समस्याओं के संबंध में विस्तृत जानकारी प्राप्त की गई। जिला प्रशासन के सहयोग से बंदियों को प्रदाय किये जा रहे आजीविका कौशल विकास प्रशिक्षण एवं डिजीटल साक्षरता प्रशिक्षण कार्य को सराहा गया एवं जेल में परिरूद्ध बंदियों को मुख्यधारा से पुनः जोड़ने हेतु एक अच्छी पहल बताया गया।

जेल अधिकारियों से ईलाज हेतु किये जा रहे व्यवस्था, जेल में आत्महत्या के प्रकरणों के संबंध में, नक्सली प्रकरणों में परिरूद्ध बंदियों एवं उनकी रिहाई के संबंध में जानकारी प्राप्त की गई। साथ ही अधिकारियों एवं कर्मचारियों से उनकी समस्याओं से भी वे रूबरू हुये। उन्होंने जेल अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इसके अलावा सिटी कोतवाली दंतेवाड़ा का भी अवलोकन किया गया और वहाँ की व्यवस्थाओं को देखा।

### जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

अध्यक्ष ने जिला चिकित्सालय में ओपीडी, हमर लैब, ब्लड बैंक, शव विच्छेदन गृह, रसोई कक्ष का निरीक्षण किया एवं संतुष्टि जाहिर की। निरिक्षण के दौरान माँ दंतेश्वरी समन्वय समिति द्वारा संचालित समाज कल्याण विभाग से अनुदान प्राप्त वृद्धाश्रम हारम का आकस्मिक निरिक्षण किया। जिसमें कुल 10 वृद्धजन जिसमें 6 महिला एवं 4 पुरुष हितग्राही हैं। यहां शयनकक्ष, रसोई कक्ष का अवलोकन तथा हितग्राहियों से वृद्धाश्रम आने का कारण सहित रहने और भोजन व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की एवं साफ सफाई और व्यवस्था से ख़ुशी जाहिर की। एजुकेशन सिटी में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों का बाधारहित आवासीय परिसर, सक्षम -2 जवांगा का आकस्मिक निरीक्षण भी उन्होंने किया। इस अवसर पर डीएमसी, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, खाद्य अधिकारी, सहायक परियोजना समन्वयक, सक्षम 1 एवं 2 के अधीक्षक से जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अपर कलेक्टर राजेश पात्रे, संयुक्त संचालक मनीष मिश्र, डिप्टी कलेक्टर मूलचंद चोपड़ा, जेल अधीक्षक जीएस शोरी,अन्य विभाग के जिलाधिकारीगण उपस्थित थें।

## एबीईओ बस्तर ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**बस्तर।** कलेक्टर बस्तर व जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन पर सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा केंद्रीकृत 5वी बोर्ड एवं 10वी बोर्ड परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया। टीम ने संकुल केंद्र इच्छापुर में प्राथमिक शाला इच्छापुर केंद्र का अवलोकन किया गया सभी विद्यार्थी शत प्रतिशत उपस्थित पाए गए। फिर हाइस्कूल नन्दपुरा में 10वी बोर्ड का निरीक्षण किया गया। आज संस्कृत विषय की परीक्षा चल रही थी। यहां 1 छात्र अनुपस्थित पाया गया। व्यवस्था चाक चौबंद पाई गई। अगले क्रम में हायरसेकंडरी केशरपाल केंद्र का अवलोकन किया गया। यहां तुरपुरा के 10 बच्चे परीक्षा में बैठे सभी उपस्थित पाए गए। अगले भृमण के दौरान प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा केंद्र सोरगांव, अक्षय नगर सालेमेटा में 5वी बोर्ड का भी अवलोकन किया गया। सभी विद्यार्थी उपस्थित पाए गए। इसके बाद हायरसेकंडरी सालेमेटा केंद्र का भी निरीक्षण किया गया। जिसमें जामगांव, पखनाकोंगरा हाइस्कूल के छात्र भी सम्मिलित थे। नकल प्रकरण निरंक पाया गया। इसके बाद अधिकारी द्वारा जाति प्रमाण पत्र के एंट्री की प्रगति देखने आईडी धारकों से सम्पर्क कर ज्यादा से ज्यादा एंट्री करने लिपिकों को प्रेरित किया। साथ में व्याख्याता चंद्रभान मिश्रा व संकुल समन्वयक परमेश्वर ठाकुर उपस्थित थे।

# शासकीय करण की मांग को लेकर पंचायत सचिव अनिशिचतकालीन हड़ताल पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड



प्रदेश में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण की मांग को लेकर सचिव संघ ने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इस हड़ताल से 91 पंचायतों में विकास कार्य ठप हो गए हैं, जिससे ग्रामीणों को कई योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। पंचायत सचिव संघ ने सरकार पर चुनावी वादे से मुकरने का आरोप लगाते हुए जल्द से जल्द उनकी मांगें पूरी करने की अपील की है।

पंचायत सचिव संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रूप सिंह बघेल ने बताया कि सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले अपने संकल्प पत्र ₹मोदी की गारंटी₹ में पंचायत सचिवों के शासकीयकरण का वादा किया था। लेकिन चुनाव के बाद इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया। प्रदेश स्तरीय सचिवों के सम्मेलन में मुख्यमंत्री एवं अन्य बड़े नेताओं ने इस मुद्दे को जायज माना था।

संघ के मीडिया प्रभारी ललित बघेल ने कहा कि सरकार अपने वादे से मुकर रही है और मोदी की गारंटी के नाम पर कर्मचारियों को गुमराह कर रही है। वहीं, ब्लॉक सचिव पीला सिंह ठाकुर ने भी सरकार के अड़ियल रवैये पर नाराजगी जताई।

बस्तर जनपद पंचायत की सभी ग्राम पंचायतों में हड़ताल का व्यापक असर देखा जा रहा है। पंचायत सचिवों के काम बंद करने से मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन योजना, राशन वितरण, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने जैसे सभी कार्य ठप हो गए हैं।

### जब तक मांग पूरी नहीं हड़ताल जारी रहेगी: संघ

पंचायत सचिव संघ ने साफ कर दिया है कि जब तक सरकार शासकीयकरण की उनकी मांग को पूरी नहीं करती, हड़ताल जारी रहेगी। इससे प्रशासन और ग्रामीणों के बीच असमंजस की स्थिति बनी हुई है। सचिव संघ ने सरकार से जल्द निर्णय लेने की अपील की है, ताकि पंचायत स्तर पर रुके हुए कार्य फिर से शुरू किए जा सकें।

इस अवसर पर धनेश्वर जोशी, विद्या नेताम, हेमधर ठाकुर, पदम बघेल, मदन बघेल, नेहरू मौर्य, लक्ष्मी नाथ निषद, जगदीश कश्यप, लक्ष्मण बघेल, दिलीप कश्यप, देवेश ठाकुर, राजकुमार बघेल, साधुराम मौर्य, कन्हाई राम कश्यप, भीम बघेल, हुकुम ठाकुए, राजेश नेताम, पनकु राम कश्यप, अनन्त कश्यप, जय सिंग कश्यप, पूर्णिमा सार्दुल, श्रीमती सूर्या यादव, पारेश्वरी बघेल, संगीता, यादव, पुष्पलता ठाकुर, दीपिका गाँवर, बिगनेश्वर सार्दुल, जोगेंद्र पांडेय, मनु बघेल, चेतना बघेल, ख्तू सिंह ठाकुर, विक्रांत भारद्वाज श्रीमती सोना देइ, बघेल, जोगेश्वर पाणिग्राही, रिंगो दीवान,सहित सभी उपस्थित थे।

HEALTH TOWN
श्री अनंत हॉस्पिटल
बांधा तालाब के सामने, बांधापारा , कोण्डागांव
07786450046, 9111551414
नेत्र रोग
● आधुनिक कम्प्यूटर द्वारा आंखों की जांच ● बिना इंजेक्शन, बिना टांके, आधुनिक मोतियाबिंद शल्यक्रिया ● लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा ● चश्मा ● नासूर की शल्यक्रिया
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
CERTIFIED ISO 9001
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

कोण्डागांव सुपर मार्केट विज्ञापन के लिए संपर्क करें- 94791-66051
शौकीन हाउस, मेन रोड कोण्डागांव मो.- 9977719190, 7000708887
(इलेक्ट्रॉनिक्स एवं फर्नीचर्स)
BLUE STAR Whirlpool SAMSUNG SONY Symphony
शौकीन इण्डिया
मो.- 94242 96333, 7000708887
हमोर यहाँ सभी कम्पनियों के लेपटॉप, कम्प्यूटर, सीसीटीवी कैमरा, DSLR कैमरा एवं अन्य समान उपलब्ध है।

ACE COMBINE HARVESTER
विशेषताएं
◆ कृषि विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त
◆ 100 प्रतिशत स्वदेशी (भारत में बना हुआ)
◆ लो मेंटेनेंस : कम लागत में ज्यादा काम
धान, मक्का, सोयाबीन, गेंहू, मूंग आदि की कटाई-मिंजाई के लिए।
100% Swadeshi
अग्रिम बुकिंग प्रारंभ
अधिकृत विक्रेता -
मे. सांई ट्रेक्टर्स सेल्स स्पेयर्स सर्विस
महालक्ष्मी एन्क्लेव के सामने, सिहावा रोड, धमतरी (छ.ग.)
मो. : 7000292192, 9425209243, 9424209243
शाखा : धमतरी रोड, नगरी, जिला-धमतरी
ब्रांच आफिस : जामकोट पारा, मेन रोड, कोण्डागांव

## खबर संक्षेप

### अंजू शिक्षण संस्था में मनाया गया महिला दिवस



**जगदलपुर।** अंजू शिक्षण एवं सिलाई प्रशिक्षण संस्था में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि रानी चेरपा पूर्व अध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा, अनीता श्रीवास्तव पूर्व उपाध्यक्ष महिला मोर्चा भाजपा एवं संस्था अध्यक्ष एवं महिला मोर्चा सदस्य अंजू राय उपस्थित रही। इस दौरान संस्था में 21 लोगों को शॉल एवं श्रीफल से सम्मानित किया गया।

### दिशा दर्शन भ्रमण के लिए दल ओडिशा रवाना



**जगदलपुर।** कलेक्टर हरिस एस के मार्गदर्शन में जिले महिला स्व सहायता समूह की सदस्यों को दिशा दर्शन भ्रमण कार्यक्रम के तहत दो बसों में कोरापुट ओडिशा के लिए रवाना किया गया। दल को मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन और अपर कलेक्टर सीपी बघेल द्वारा हरी झंडी दिखाकर कोरापुट के लिए रवाना किया गया। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी हेमंत साहू सहित अन्य अधिकारी एवं महिला समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

### अपनी पीठ खुद थपथपा रही कांग्रेस : आशीष

**जगदलपुर।** नगर पंचायत बस्तर के उपाध्यक्ष चुनाव में भाजपा नेता



आशीष मिश्रा ने मीडिया से चर्चा में बताया कि कांग्रेस नगर में भ्रम का वातावरण फैला रही है। कांग्रेस के पास 8 पार्षद व अध्यक्ष के साथ 9 मतों का बहुमत होने के बाद भी अपनी संख्या 8 बताये जाना। जहां एक और भाजपा ने पिछले नगरीय निकाय चुनाव में एक सीट पर थी अभी वो संख्या बढ़कर सात पार्षद हो गयी जिसे नगर में भी भाजपा का ग्राफ बढ़ना कहना गलत नही होगा।

### साल भर से नहीं हुई पानी टंकी की सफाई : सराठे

**जगदलपुर।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता नवनीत सराठे ने नगर



पालिक निगम प्रशासन पर पानी टंकियों की सफाई न कराए जाने का आरोप लगाया है। जारी विज्ञप्ति में कहा कि पिछले एक वर्ष से अधिक समय गुजर जाने के बावजूद नगर पालिक निगम प्रशासन ने जलप्रदाय शाखा के माध्यम से पानी की टंकियों की सफाई नहीं करवाई है, जो कि एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या पैदा कर सकता है।

### इन्द्रावती नदी जल बंटवारे विवाद को केंद्र सरकार करे हस्तक्षेप : आसिफ

**जगदलपुर।** इंद्रावती नदी के जल बंटवारे को लेकर युवा कांग्रेस नेता सैय्यद आसिफ अली, एनएसयूआई के पूर्व प्रदेश सचिव ने भारत



सरकार के जल संसाधन मंत्री को पत्र लिखकर आवश्यक हस्तक्षेप की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में बताया कि ओडिशा में निर्मित इंद्रावती बांध परियोजना के चलते छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर क्षेत्र, में जल संकट गहराता जा रहा है। इस जल संकट का प्रभाव न केवल स्थानीय किसानों और नागरिकों पर पड़ रहा है, बल्कि प्रसिद्ध चित्रकूट जलप्रपात का अस्तित्व भी खतरे में है। जल प्रवाह में कमी के कारण जलप्रपात का जलस्तर घट रहा है, जिससे पर्यावरण, पर्यटन और स्थानीय लोगों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।







छाया : संतोष पाण्डे

# शहीद जवान को पुलिस लाइन बीजापुर में दी गई अंतिम सलामी





- साल भर पूर्व क्रॉस फायरिंग में शहीद जवान के भाई की हुई थी मौत
- वर्ष 2020 में समर्पण कर हुआ था मुख्यधारा में शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बीजापुर जिले में हुए पुलिस-माओवादी मुठभेड़ में शहीद हुए जवान राजू ओयाम को शुक्रवार सुबह रक्षित केंद्र बीजापुर स्थित शहीद वाटिका में पूरे राजकीय सम्मान के साथ गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। श्रद्धांजलि उपरांत आईजी सुंदरराज पी, आईजी सीआरपीएफ, कलेक्टर, बीजापुर एसपी जितेन्द्र यादव ने कधां देकर शहीद जवान के पार्थिव शरीर को गृहग्राम भैरमगढ़ ब्लॉक के ग्राम बोगड़ा के लिए रवाना किया। इस दौरान शहीद जवान के परिजन तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग भी उपस्थित रहे और उन्हें अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। अधिकारियों और जवानों ने शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके साहस और बलिदान को नमन किया। आईजी ने कहा कि हम अपने शहीद जवानों के बलिदान को कभी नहीं भूलेंगे। यह लड़ाई तब तक जारी रहेगी जब तक क्षेत्र पूरी तरह नक्सल मुक्त नहीं हो जाता।

जानकारी के मुताबिक शहीद जवान के भाई की साल भर पहले क्रास फायरिंग की जद में आने से मौत हो गई थी। शहीद जवान वर्ष 2020 में समर्पण कर हुआ मुख्यधारा में शामिल हुआ था इसके बाद उसे डीआरजी बीजापुर में भर्ती किया गया था। वह पिछले 4 वर्ष से नक्सल अभियानों में शामिल रहा।

# इन्द्रावती में डूबे 10वीं के छात्र का 20 घंटे बाद मिला शव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



गुरूवार सुबह इन्द्रावती नदी के महादेवघाट में नहाने के दौरान 10 वीं कक्षा का छात्र पानी में डूब गया था। काफी मशक्कत के बाद एसडीआरएफ की टीम शुक्रवार सुबह लगभग 20 घंटे बाद उसके शव को ढूंढ निकालने में सफल रही।

- एसडीआरएफ की टीम ने घटों मेहनत के बाद बरामद किया शव
- वाटरप्रुफ जैकेट व कैमरे की मदद से जवान कर रहे थे तलाश

गौरतलब है कि छात्र के नदी मे डूबने की सूचना के बाद मौके पर मौजूद सेनानी संतोष कुमार मार्बल जवानों के साथ शव ढूंढने का लगातार प्रयास कर रहे थे लेकिन सफलता नहीं मिल सका जिसके बाद रात होने के बाद तलाशी अभियान बंद कर दिया गया था। शुक्रवार सुबह से पुनः तलाशी अभियान शुरू किया गया था जिसके बाद शव को बरामद करने में एसडीआरएफ सफल रही। जानकारी के मुताबिक डोकरीघाट पारा निवासी कार्तिक सोनी 15 वर्ष अपने दोस्त अभि के साथ महादेवघाट में नहाने गया था इसी दौरान वह नदी के गहराई का अंदाजा नहीं होने से डूबने लगा।

मौके पर मौजूद उसका दोस्त अभि व अन्य लोगों ने उसे बचाने का प्रयास भी किया लेकिन उसे बचाया नहीं जा सका। घटना की जानकारी लगते ही दर्जनों की संख्या में महिला व पुरूष मौके पर पहुंच गए। इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई जिसके बाद मौके पर पहुंची एसडीआरएफ की टीम मोटरबोट व लाईफ जैकेट के साथ पानी में घटों तलाश करते रहे लेकिन शाम तक उसका शव बरामद नहीं हो सका था। शव बरामद होने के बाद पंचनामा कार्रवाई के बाद शव को पीएम के लिए मेकाज रवाना किया गया।पीएम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया गया।


### जनपद पंचायत के प्रथम सम्मेलन में दिखा उत्साह

# निष्ठा और ईमानदारी से काम करने की ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





जनपद पंचायत जगदलपुर के अध्यक्ष पदलाम नाग, उपाध्यक्ष पुरूषोत्तम कश्यप समेत सभी नवनिर्वाचित सदस्यों ने शुक्रवार को जनपद कार्यालय आड़ावाल में निष्ठा और ईमानदारी से काम करने की शपथ ली। जनपद अध्यक्ष के रूप में पदलाम नाग तीसरी बार पदभार संभाला। वहीं महिलाओं ने भी पहली बार जनपद सदस्य बनने पर उत्साह के साथ शपथ लेते मिलजुलकर काम करने की बात कही। जनपद सीईओ अमित भाटिया समेत सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने सभी जनपद सदस्यों का पुष्प गुच्छ से स्वागत करते शुभकामनाएं दी। जनपद सदस्य अर्जुन सेठिया ने कहा कि इस बार भाजपा के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत कई जनपद सदस्य पद में आए हैं इसलिए विकास कार्यों में आपसी समन्वय और एकजुटता रहेगी। सब मिलजुलकर सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों को पहुंचाने के लिए तन मन धन से काम करेंगे। उन्होंने अधिकारियों से भी उम्मीद जताया कि वे भी सभी पंचायत प्रतिनिधियों के साथ अच्छा व्यवहार रखते हुए उन्हें सहयोग करेंगे। जनपद अध्यक्ष पदलाम नाग पहले भी दो बार अध्यक्ष रह चुके हैं, उनके सीधे सरल और निष्पक्ष व्यवहार की हर कोई तारीफ करता है और वे सबको लेकर चलते हैं। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि सभी जनपद सदस्य अपने क्षेत्र के विकास के लिए जो भी प्रस्ताव लेकर आएंगे उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा करने का प्रयास होना चाहिए। शपथ ग्रहण के पहले सभी ने शिव मंदिर में जाकर पूजा अर्चना की और कार्यभार ग्रहण करते ही संकल्प लिया की सब आपस में सहयोगी भावना से एक-दूसरे की मदद करेंगे।

- अनुभव के साथ नए सदस्यों ने मिल-जुलकर काम करने का लिया संकल्प

# वृद्धजनों को स्वस्थ रहने के डॉक्टर बता रहे तौर-तरीके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



आयुष विभाग के हेल्थ वेलनेस सेंटर में सियान जतन क्लिनिक का आयोजन किया जा रहा है। क्लिनिक में अधिक उम्र के वृद्धजनों की निःशुल्क जांच कर इलाज किया जा रहा है, जिसमें हर सेंटर में ज्यादातर बुजुर्ग पाचन के मरीज पहुंच रहे हैं। आयुर्वेदिक चिकित्सालयों में वृद्धावस्था में शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से पीड़ित वृद्धजनों को विशेष ओपीडी एवं पंचकर्म सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। वृद्धजनों को स्वस्थ रहने के तौर-तरीके बताने का काम आयुष चिकित्सकों द्वारा किया जा रहा है, जांच शिविरों में अर्श रोग, कम सुनाई पड़ना, नेत्ररोग, जोड़ों का दर्द, लकवा, मधुमेह, उच्च रक्तचाप और शारीरिक दुर्बलता शामिल है। चिकित्सालय के सियान जतन क्लिनिक में लाभार्थियों को पेय मिश्रेय पानक, दशमूल काढ़ा, गुडुच्यादि काढ़ा, रसायन औषधि आदि प्रदान दिया जा रहा है।

### सेंटर में स्वास्थ्य सुविधा बढ़ेगी

जिला आयुष अधिकारी डॉ. मोहिनिश साहू ने बताया कि हेल्थ वेलनेस सेंटर से गांव के ग्रामीणों का स्वास्थ्य सुविधा बढ़ेगी। इससे शहरीय अस्पतालों में मरीजों की संख्या कम हो सकेगी, गांव में वृद्ध एवं ग्रामीणों का इलाज कर रहे हैं।

# सांसद महेश ने आयुष्मान वय वंदना कार्ड के विषय मे संसद में मंत्री से किया प्रश्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



लोकसभा में शुक्रवार को संसद की कार्रवाई के दौरान बस्तर सांसद महेश कश्यप ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा से आयुष्मान वय वंदना कार्ड के मामले में तारांकित प्रश्न कर उनसे इस विषय पर जवाव मांगा है। बस्तर सांसद के प्रश्न का जवाब केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने दिया है।

बस्तर सांसद महेश कश्यप के तारांकित प्रश्न में आयुष्मान वय बंदना कार्ड में क्या स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि क्या सरकार की भविष्य में अतिरिक्त स्वास्थ्य सेवा लाभ या सेवाओं को शामिल करने के लिए आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (एबी-पीएमजेएवाई) के दायरे का विस्तार करने की कोई योजना है। यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है,और यह सुनिश्चित करने के लिए क्या उपाय किए गए हैं कि आयुष्मान वय वंदना कार्ड का लाभ गुजरात के बलसाड, डांग और नवमारी संसदीय निर्वचान क्षेत्रों के ग्रामीण और अल्पसेवित क्षेत्रों की आबादी के सबसे कमजोर वर्गों तक पहुंच सके। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड़ा बस्तर सांसद के तारांकित प्रश्न का जवाब देते कहा आयुष्मान भारत प्रधान्मंत्री जन रोग्य योजना (एबी गीएमजेएवाई) सरकार की एक अग्णी योजना है। जो 12.37 करोड परिवारों के लगभग 55 करोड़ लाभार्थियों को मध्यम स्तरीय और विशिष्ट परिचर्या के लिए अस्पताल में भर्ती करने के लिए प्रत्येक वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये का स्वास्थ्थय कवर प्रदान करती है, जो भारत की आबादी का आर्थिक रूप से कमजोर निम्रतम तबके का 40 प्रतिशत है। हाल ही में, आयुष्मान वय वंदना कार्ड के माध्यम से 4.5 करोड परिवारों से संबंधित 70 वर्ष और उसमे अधिक आयु के 6 करोड़ वरिष्ठ नागरिकों, चाहे उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थिति कुछ भी हो, को शामिल करने के लिए इस योजना का विस्तार किया गया है।

# शैक्षणिक भ्रमण में विद्यार्थियों ने मछली पालन के आधुनिक तकनीक को जाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र अध्ययनशाला द्वारा एक दिवसीय फील्ड विजिट का आयोजन 21 मार्च को कृषि विज्ञान केंद्र में किया गया। यह कार्यक्रम विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मनोज कुमार श्रीवास्तव, कुलसचिव डॉ राजेश लालवानी एवं समाजशास्त्र अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष डॉ भुवनेश्वर साहू के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नवाचार, उद्यमिता और मछली पालन की आधुनिक तकनीकों से अवगत कराना था, जिसे इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसिल एवं पीएम उषा मेरू कंपोनेंट्स के अंतर्गत स्टार्टअप और नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख वक्ता के रूप में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं कृषि विज्ञान केंद्र के प्रमुख डॉ संतोष कुमार नाग उपस्थित रहे।

मुंह का ना खुलना
पान, तंबाकू सेवन के कारण मुंह का ना खुलना एक्सीडेंट में चोट या अन्य कारणों से मुंह का ना खुलना



कालड़ा बर्न एवं प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी सेंटर
आर.के.सी.के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स मॉल के पास, रायपुर
कॉल : 9827143060/8871003060
Ajay 9827144371

# विद्यार्थियों को वानिकी और पर्यावरण संरक्षण में नवीन शोध करने किया प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर






विद्यार्थियों को वानिकी और पर्यावरण संरक्षण में नवीन शोध करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम की सराहना की और शोध कार्यों के प्रति विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। उक्त बातें शुक्रवार को वन विद्यालय और कांगेर घाटी राष्टीय उद्यान के संयुक्त रूप से विश्व वानिकी दिवस पर आयोजित वन एवं खाद्य पर जागरूकता संगोष्ठी में मुख्य अतिथि शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति मनोज श्रीवास्तव ने कही। सीसीएफ आरसी दुग्गा ने वनों के संरक्षण की नीतियों और उनके प्रभावी प्रबंधन पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने जल संरक्षण, सतत विकास पर जोर देते हुए कहा कि हर नागरिक को वनों के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक चूड़ामणी सिंह ने संगोष्टी के माध्यम से वनों की जैव-विविधता और सतत विकास में उनकी भूमिका पर अपने विचार रखे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि वन संरक्षण के बिना खाद्य सुरक्षा संभव नहीं है। प्रोफेसर डॉ. शरद नेमा ने वन और खाद्य के संबंध पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि कैसे जंगल स्थानीय समुदायों के लिए पोषण, जल संसाधन और आजीविका का प्रमुख स्त्रोत हैं। वन विद्यालय की संचालक श्रीमती दिव्या गौतम ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए वनों के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अतिथियों, वक्ताओं, छात्रों और आयोजकों को इस सफल आयोजन के लिए सराहा गया। उपस्थित लोगों ने इस दिशा में जागरूकता बढ़ाने और सक्रिय योगदान देने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। कार्यक्रम में एसडीओ देवलाल दुग्गा, आईपी बंजारे, रेंजर देवेन्द्र सिंह वर्मा आदि अधिकारी, कर्मचारी एवं विश्वविद्यालय के विद्यार्थी शामिल रहे।

- हर नागरिक को वनों के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए : दुग्गा
- विश्व वानिकी दिवस पर वन एवं खाद्य पर हुआ जागरूकता संगोष्ठी

### संगोष्ठी में विकास पर गहन मंथन

विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर वन विद्यालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय वन और खाद्य था, जिसके अंतर्गत वनों की जैव-विविधता, खाद्य सुरक्षा में उनकी भूमिका और सतत विकास पर गहन मंथन किया गया। इसमें अतिथियों, विशेषज्ञों, विद्यार्थियों और वन अधिकारियों ने भाग लिया। उन्होंने वनों की महत्ता, जलवायु परिवर्तन पर उनका प्रभाव और पारिस्थितिकी संतुलन में उनकी भूमिका पर अपने विचार साझा किए। अतिथियों ने छात्रों की प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें सतत अध्ययन एवं शोध के लिए प्रेरित किया।

### प्रमाणपत्र वितरण व सम्मान समारोह

कार्यक्रम के दौरान वन संरक्षण में उत्कृष्ट योगदान देने वाली इको विकास समितियों, स्वयंसेवकों और समुदाय के सदस्यों को सम्मानित किया गया। जल संरक्षण और सांप बचाव अभियान में विशेष भूमिका निभाने वाले वन्यजीव प्रेमियों को प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

